समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# आईटी सेक्टर मे अंप्रैल मे 16% की बढ़त, अब डिग्री नहीं स्किल की पूछ।

Publisher

Published on 12 May 2025



## अप्रैल महीने मे भारत के आईटी सेक्टर मे 16% की हायरिंग बढ़ी और कंपनियों ने डिग्री से ज्यादा स्किल को प्राथमिकता दी है.

अप्रैल का महीना भारत के आईटी सेक्टर के लिए खुशखबरी लेकर आया. नौकरी की तलाश में जुटे लोगों के लिए राहत की बात ये है कि इस सेक्टर में हायरिंग में 16% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. ये जानकारी जॉब प्लेटफॉर्म 'फाउंडइट' की रिपोर्ट 'फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर' में सामने आई है.

इस रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियां अब स्किल्स यानी कौशल को सबसे ज्यादा तवज्जो दे रही हैं. करीब 62% आईटी कंपनियां अब डिग्री से ज़्यादा उम्मीदवार की असली काम करने की काबिलियत को देख रही हैं.

यानी अब आपके पास अगर सही टेक्निकल स्किल्स हैं तो नौकरी मिलने के चांस काफी बढ़ गए हैं, चाहे आपके पास भारी-भरकम डिग्री हो या नहीं.

किन नौकरियों की सबसे ज़्यादा मांग ?
रिपोर्ट बताती है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में सबसे ज़्यादा भर्तियां हो रही हैं. कुल आईटी जॉब्स में से 95% पोस्टिंग्स इन्हीं डोमेन से जुड़ी हुई हैं.

छोटे शहरों ने भी दिखाई ताकत
कोयंबटूर (40%), अहमदाबाद (17%) और बड़ौदा (15%) जैसे शहरों में आईटी नौकरियों में जबरदस्त उछाल देखा गया है. हाइब्रिड वर्क मॉडल और कम खर्च वाले इन शहरों को अब कंपनियां ज्यादा पसंद कर रही हैं.

बड़े शहरों में अब भी लीडरशिप रोल्स की डिमांड

बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे मेट्रो शहरों में स्पेशलिस्ट और लीडरशिप वाले पदों की भर्ती अब भी सबसे ज़्यादा हो रही है. इन शहरों में अप्रैल के महीने में लगभग 7-9% की वृद्धि दर्ज हुई.

GCCs ने दी रफ्तार

ग्लोबल कैप्टिव सेंटर (GCCs) यानी उन कंपनियों की भारतीय ब्रांच, जो इंटरनेशनल क्लाइंट्स के लिए काम करती हैं, उन्होंने अकेले ही 1.1 लाख नई टेक नौकरियां देने में योगदान दिया. इससे IT हायरिंग को और बूस्ट मिला है.

विदेशी निवेशकों ने दिखाई सतर्कता

हालांकि, अप्रैल में आईटी सेक्टर को एक झटका भी लगा. विदेशी निवेशकों ने लगभग $1.8 बिलियन (करीब 15 हजार करोड़ रुपये) की रकम सेक्टर से निकाल ली. ये गिरावट बड़ी आईटी कंपनियों की कमजोर कमाई और सतर्क भविष्यवाणी के चलते हुई. ये आंकड़े NDTV Profit ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के डेटा से निकाले हैं.

स्किल है तो नौकरी है

कुल मिलाकर, भारत का आईटी सेक्टर फिर से रफ्तार पकड़ता दिख रहा है. कंपनियां अब सिर्फ डिग्री नहीं देख रहीं, बल्कि असली स्किल्स की तलाश कर रही हैं. ऐसे में अगर आप टेक्नोलॉजी के किसी स्किल में माहिर हैं, तो आपके लिए ये वक्त नौकरी पाने का सुनहरा मौका हो सकता है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.